
वर्ल्ड फोटोग्राफी डे विशेष...

# फोटोग्राफी के लिए डिग्री नहीं, दिल चाहिए

**इंदौर.** हर साल 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया जाता है, जो न सिर्फ इस कला के प्रति श्रद्धा का दिन है, बल्कि उन लाखों शौकिया और पेशेवर फोटोग्राफर्स को सलाम करने का अवसर भी, जो लम्हों को तस्वीरों में तब्दील कर अमर बना देते हैं. इस अवसर पर यह कहना पूरी तरह उपयुक्त है कि 'फोटोग्राफी के लिए डिग्री नहीं, दिल चाहिए.'





फोटोग्राफी कोई पाठ्यक्रम नहीं, एक एहसास है. यह एक ऐसा नजरिया है जो सामान्य से दृश्य में भी असामान्य सुंदरता खोज लेता है. कैमरा तो महज़ एक उपकरण है, असली फोटोग्राफर की पहचान उसकी संवेदनशील नज़रों और भावनाओं से होती है. किसी तस्वीर में मुस्कान, पीड़ा, आशा या आश्चर्य तब ही उतरता है, जब फोटोग्राफर का दिल उन भावों को महसूस करता है.

आज के दौर में मोबाइल हर हाथ में है, कैमरा हर जेब में है– लेकिन हर कोई फोटोग्राफर नहीं होता. एक सच्चा फोटोग्राफर वह है, जो किसी दृश्य को सिर्फ देखता नहीं, जीता है, और उस पल को महसूस कर तस्वीर में ढालता है. तकनीक सिखाई जा सकती है, पर संवेदनशीलता नहीं.

ऐसे कई नामचीन फोटोग्राफर्स हुए हैं जिन्होंने कोई डिग्री नहीं ली, फिर भी उनकी तस्वीरें दुनियाभर के लोगों की आत्मा को छू गईं क्योंकि उन्होंने कैमरे से नहीं, दिल से तस्वीरें खींची.

इस वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर हम उन सभी को नमन करते हैं जो दिल से तस्वीरें बनाते हैं, और हर फ्रेम के ज़रिए दुनिया को एक नई नज़र से देखने का मौका देते हैं.

**–कैलाश मित्तल**

# पुलिया निर्माण के गड्ढे में उतरीं तीन बहनें, दो की डूबने से मौत

- ठेकेदार की लापरवाही पर ग्रामीणों का अक्रोश
- गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज

**इंदौर. सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम चिमली में दर्दनाक हादसा हो गया. पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में तीन सगी बहनें खेलते-खेलते उतर गईं. इनमें से दो मासूम बहनों की डूबने से मौत हो गई, जबकि तीसरी को ग्रामीणों ने समय रहते बाहर निकालकर बचा लिया. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है.**

भगवानलाल चौहान की तीन बेटियां 15 वर्षीय बस्कन्या, 12 वर्षीय अनुष्का और एक अन्य बहन घर के पास खेल रही थीं. इसी दौरान वे पुलिया निर्माण के लिए ठेकेदार द्वारा खोदे गए गहरे गड्ढे में उतर गईं. गड्ढे में बारिश का पानी भरा हुआ था. कुछ देर बाद आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े और बच्चियों को बाहर निकाला. उन्हें पंपिंग कर पानी निकालने का प्रयास भी किया गया, लेकिन अनुष्का और उसकी एक बहन ने दम तोड़ दिया, जबकि तीसरी बहन को सकुशल बचा लिया. हादसे के समय माता-पिता सांवेर स्थित पाइप फैक्ट्री में मजदूरी के लिए गए हुए थे.





### ठेकेदार ने नहीं किए सुरक्षा के इंतजाम

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिया निर्माण कर रहे ठेकेदार ने सुरक्षा इंतजाम नहीं किए थे और बिना चेतावनी गड्ढा खुला छोड़ दिया था. इस लापरवाही के चलते मासूमों की जान गई. ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने ठेकेदार भूपेंद्र के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है. मृत बच्चियों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप जांच शुरु की.

# चुनाव आयोग निष्पक्षता कायम रखे : कमलनाथ

- आयोग कर रहा राहुल पर दबाव बनाने का काम, कांग्रेस का आरोप

**भोपाल,18 अगस्त. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने चुनाव आयोग की हालिया पत्रकार वार्ता को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि आयोग ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर दबाव बनाने की कोशिश की है, जिसकी हर तरफ निंदा हो रही है. कमलनाथ ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रमाणित आरोप लगाए हैं. चुनाव आयोग को बिना किसी शर्त या बहानेबाज़ी के इन आरोपों की जाँच करानी चाहिए और सच्चाई देश के सामने रखनी चाहिए.**

उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग को यह नहीं भूलना चाहिए कि नेता प्रतिपक्ष का पद भी संवैधानिक पद है और वह देश की एक बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है. ऐसे में आयोग का यह दायित्व है कि वह निष्पक्षता बनाए रखे और अपनी कार्यशैली से जनता का भरोसा मज़बूत करे.

कमलनाथ ने कहा कि अनावश्यक कुतर्क से आयोग की साख पर सवाल उठ रहे हैं. लोकतंत्र की मूल भावना को सुरक्षित रखना चुनाव आयोग की पहली जिम्मेदारी है और इसमें ज़रा सी चूक भी गंभीर परिणाम ला सकती है. कमलनाथ ने आगे कहा कि राहुल गांधी की वोट अधिकार यात्रा देश के नागरिकों के सर्वोच्च अधिकार की रक्षा की लड़ाई है. उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस यात्रा से जुड़ने की अपील की. उन्होंने कहा, हम जनता के हक की आवाज बुलंद करेंगे और यह लड़ाई पूरी ताक़त से लड़ेंगे.



## भाजपा सांसद मिश्रा का वोट चोरी वाला वीडियो वायरल, पटवारी ने साधा निशाना

**रीवा से भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे रीवा में कथित तौर पर वोट चोरी की बात कर रहे हैं.**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी सोशल मीडिया पर इस वीडियो को वायरल किया है. वीडियो को पोस्ट करते हुए पटवारी ने कहा, ये रीवा से भाजपा सांसद हैं, जनार्दन मिश्रा. कह रहे हैं, वोटर लिस्ट धांधली में रीवा सबसे बड़ा उदाहरण है. एक कमरे में 1000 वोट थे, 1100 वोट निकले थे. इसकी जांच उन्होंने खुद की थी.

वीडियो में मिश्रा एक सार्वजनिक मंच से रीवा में वोटों के संदर्भ में बोलते हुए सुनाई दे रहे हैं. हालांकि वीडियो कब और कहां का है, ये पता नहीं चल पाया है. इसी वीडियो को प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया हैंडल पर भी पोस्ट करते हुए कहा गया है, सच छुपाए नहीं छुपता. भाजपा के रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा कह रहे हैं वोटर लिस्ट में धांधली होती है. उन्होंने स्वयं रीवा में यह धांधली पकड़ी है. एक कमरे में 1000 वोट पर निकले 1100 वोट, जिसकी जांच उन्होंने स्वयं की थी. भाजपा को अब सच स्वीकार लेना चाहिए कि वह वोटचोर है.



### मिश्रा का विवादित बयान

**मऊगंज.** रीवा सांसद और भाजपा नेता जनार्दन मिश्रा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विवादित बयान दिया है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस, गांधी और नेहरू को पाक निर्माण के जिम्मेदार हैं. गांधी, नेहरू और पटेल तीनों ने इस विभाजन को स्वीकार किया था. केवल अब्दुल कलाम आज़ाद और अब्दुल गफ्फार खान ने इसका विरोध किया था. उन्होंने पूर्व विस अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी पर भी हमला बोला. तिवारी के एक बूथ और कमरे में 1000 से अधिक फर्जी वोटर मिले थे, जिसके चलते उन्हें चुनावी हार का सामना करना पड़ा था.

# सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन पर एक दिनी कार्यशाला में शामिल होंगे राज्यपाल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 अगस्त.राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 20 अगस्त को मंडला जिले के सेमर खापा में आयुष विभाग द्वारा परंपरागत चिकित्सा का स्वास्थ्य संवर्धन में योगदान एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल होंगे. कार्यशाला में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार भी शामिल होंगे.**

कार्यशाला में मंत्री विजय शाह, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री संपतिया उइके, राज्य मंत्री एवं मंडला जिले के प्रभारी दिलीप जायसवाल भी उपस्थित रहेंगे. एक दिवसीय यह कार्यशाला मंडला जिले के सेमरखापा स्थित एकलव्य विद्यालय परिसर के ऑडिटोरियम में प्रात:10.30 बजे आयोजित होगी. प्रदेश में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से जनस्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने एवं क्षेत्र-विशिष्ट स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है. कार्यशाला में मंडला एवं समीपवर्ती जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया की व्यापकता एवं पारंपरिक वैद्यों की सक्रिय भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक विचार-विमर्श होगा.



# तीन वर्ष में 22500 पुलिसकर्मियों की भर्ती होगी

- मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड का होगा गठन
- पुलिस की भर्तियां बोर्ड के माध्यम से होगी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 अगस्त. प्रदेश में कानून व्यवस्था और सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत आगामी 3 वर्षों में पुलिस विभाग में 22500 पदों पर भर्ती की जाएगी. अभी तक पुलिस विभाग में भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल द्वारा होती हैं.**

पुलिस को जल्द से जल्द मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अब मप्र पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन किया जाएगा और यही बोर्ड पुलिस की भर्तियां करेगा. इससे पुलिस भर्ती में तेजी, पारदर्शिता और परफेक्शन आएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्ष 2025 के लिए पुलिस में स्वीकृत पदों की भर्ती मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की ओर से कर्मचारी चयन मंडल करेगा. वर्ष 2026 से ये भर्तियां पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा ही की जाएंगी. प्रतिवर्ष पुलिस के रिक्त 7500 पदों पर भर्ती की जाएगी और इस प्रकार आगामी 3 वर्ष में पुलिस विभाग के सभी रिक्त 22,500 पद भर दिए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गृह विभाग से जुड़ी सभी सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए शीघ्र ही गृह एवं वित्त विभाग की संयुक्त बैठक कर सभी लंबित मामलों का समुचित समाधान कर लिया जाएगा.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस, जेल और नगर सेवा एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों में विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियां में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिये जाने की घोषणा भी की है. वीवीआइपी ड्यूटी में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों सहित उप पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च अधिकारियों को भी पात्रता अनुसार निर्धारित विशेष भत्ता एवं जोखिम भत्ता दिये जाने का निर्णण भी लिया गया है.

## कांग्रेस 25 से करेगी राज्य स्तरीय आंदोलन

**भोपाल.** कथित वोट चोरी को लेकर निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर 25 अगस्त से 5 सितंबर तक पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन करेगी. पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि निर्वाचन आयोग भाजपा के एजेंट की तरह काम कर रहा है. आयोग की भूमिका निष्पक्ष नहीं रह गई है और वह लोकतंत्र के प्रहरी की जगह चोर की तरह काम कर रहा है. पटवारी ने कहा कि भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा ने वोट चोरी की बात स्वीकार की है. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी रायबरेली में वोट बढ़ने की बात सार्वजनिक रूप से कही है.

# रुक-रुक कर हुई बारिश से मौसम में ठंडक

कई जिलों में हुई बारिश

**नवभारत रिपोर्टर**

**इंदौर, 18 अगस्त. मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है. राजधानी भोपाल में भी सोमवार को कुछ जगह रुकरुक बारिश होती रही. जिसके चलते मौसम में ठंडक घुल गई, वहीं मंगलवार को धार, झाबुआ, अलीराजपुर, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खरगोन और बड़वानी जिलों में भारी बारिश के आसार बने है.**

मौसम विभाग ने 24 घंटे के दौरान जबलपुर, इंदौर, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के जिलों के साथ ही अन्य 12 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है. प्रदेश के पश्चिम-दक्षिण हिस्से से मानसून ट्रफ गुजर रही है. जिसके चलते भोपाल, उज्जैन और इंदौर संभाग में मूसलाधार बारिश हो सकती है. इस दौरान तेज गति से हवाएं भी चलेंगी. सोमवार को भोपाल, नर्मदापुरम, खंडवा, दमोह, जबलपुर, दतिया, गुना में बारिश हुई.

**12** जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है.

**03** दिन तक मूसलाधार बारिश का अनुमान है.



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति चरित्र निर्माण व व्यक्तित्व विकास में सहायक

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने किया तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**भोपाल, 18 अगस्त. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास में राष्ट्रीय शिक्षा नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. संस्कारित शिक्षा परोपकार और समाजहित का मार्ग प्रशस्त करती है. शुक्ल अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयोजन में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ कर रहे थे.**

उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी सबसे बड़ी ताकत है, जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल किया गया है. पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास कार्यों के साथ सांस्कृतिक और देशहित के कार्यों को गति मिली है. नई शिक्षा नीति समग्र विकास के आयाम तय करती है और यही भारत को विश्वगुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगी. शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयोजक अतुल कोठारी ने कहा कि नई नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा और पंचकोष सिद्धांत का समावेश किया गया है, जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा.




विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया ने कहा कि राष्ट्रीय संस्कृति उत्थान न्यास शिक्षा बचाओ अभियान का नेतृत्व कर रहा है. यह कार्यशाला विश्वविद्यालय में न्यास का पहला आयोजन है, जिसका लाभ विद्यार्थी और प्रबुद्धजन ले सकेंगे. कार्यशाला में संकल्प पत्र व स्मारिका का विमोचन भी किया गया.

## त्यौहारों पर राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम

**भोपाल, 18 अगस्त.** त्यौहारी सीजन में रेल यात्रियों की सुविधा के लिए राउंड ट्रिप पैकेज स्कीम शुरू की गई है. इस योजना के तहत यदि यात्री आने और जाने दोनों तरफ का टिकट एक साथ बुक करेंगे तो उन्हें वापसी यात्रा पर 20 प्रतिशत छूट मिलेगी.

यह योजना 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक की यात्रा तथा वापसी के लिए 17 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक की यात्रा पर लागू होगी. यात्री को दोनों टिकट एक ही ट्रेन और एक ही श्रेणी में बुक करने होंगे.

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

## अंतिम संस्कार से पहले पुलिस ने रोका

**उज्जैन,18 अगस्त. रामगढ़ गांव में 30 वर्षीय महिला पूजा पत्नी रामेश्वर देवड़ा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, ससुराल वालों ने विवाहिता की मौत के बाद सुबह पुलिस को सूचना दिए बिना ही अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी. इसी दौरान मायके पक्ष ने पुलिस को खबर दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अंतिम संस्कार रुकवाकर शव को कब्जे में ले लिया. बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया.**

**भाई ने लगाया जहरीला पदार्थ खाने का आरोप:** पुलिस के अनुसार, ससुराल पक्ष का कहना है कि पूजा का ब्लड प्रेशर उपवास के कारण बढ़ गया था, जिससे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं, मायके वालों का आरोप है कि पूजा ने फोन पर बताया था कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है और भाई से उसे ले जाने की बात कही थी.

### पति पर अवैध संबंध का आरोप, जांच शुरू

मृतका के भाई ने पति रामेश्वर देवड़ा पर अवैध संबंध का गंभीर आरोप लगाया है. उसके अनुसार, पूजा ने पति को फोन किया तो किसी दूसरी महिला की आवाज सुनाई दी. इस पर उसने वीडियो कॉल करने को कहा, लेकिन पति ने फोन बंद कर दिया. विवाद के चलते पूजा ने आत्मघाती कदम उठाया होगा. हालांकि, ससुराल पक्ष का दावा है कि मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई.

एक नजर में

पन्ना- देश का पहला जिला जहाँ मातृ-शिशु मृत्यु दर सबसे अधिक

# नवाचार- गर्भवती महिलाओं के घरों तक पंहुच रहा पोषण कीट, ग्राम पंचायत में बना पोषण बैंक

**पुष्पेन्द्र वैद्य**

**इंदौर.** देश में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के मामले में पन्ना शीर्ष पर रहा है. इस गंभीर स्थिति में सुधार लाने के लिए जिले की शाहनगर ग्राम पंचायत ने एक अनूठा नवाचार शुरू किया है. जिला पंचायत की पहल पर यहाँ 'पोषण बैंक' स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं को घर-घर जाकर पौष्टिक आहार की टोकरी दी जा रही है, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें.

जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी की इस पहल के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं. शाहनगर के मॉडल को देखकर जिले की अन्य पंचायतें भी इसे अपना रही हैं. आने वाले समय में इस अभियान के बेहतर नतीजे की उम्मीद है. शाहनगर में गर्भवती महिलाओं को न केवल पौष्टिक आहार दिया जाता है, बल्कि उन्हें संस्थागत प्रसव के लिए भी प्रेरित किया जाता है. शुरुआती महीनों में पंचायत कर्मी घर-घर जाकर महिलाओं को सुपोषण की टोकरी देते हैं और उसका महत्व बताते हैं. इसके बाद सप्ताह में एक बार पंचायत भवन से यह सामग्री दी जाती है. पोषण टोकरी में फलों के अलावा अनाज, दाने, आयरन की गोलियाँ आदि शामिल होता है. इस कार्य के लिए पंचायत ने विशेष बजट स्वीकृत किया है, जबकि सीईओ स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं. संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए एक नि:शुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया गया है. इन प्रयासों से सुरक्षित प्रसव की दर में वृद्धि और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी आ रही है.



### बेहतर नतीजों से हम आशान्वित

'हमारी कोशिश है कि पन्ना जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में स्पष्ट कमी आए. शाहनगर पंचायत में शुरू किया गया यह पायलट प्रोजेक्ट अब अन्य पंचायतों तक पहुँच रहा है. बेहतर नतीजों से हम आशान्वित हैं और इसे जिले की सभी पंचायतों में लागू करेंगे.'

— उमराव सिंह मरावी, सीईओ, जिला पंचायत, पन्ना



## गाँधी के सपनों का गाँव- आत्मनिर्भरता की मिसाल बना शाहनगर

हीरे उगलने वाले पन्ना जिले की धरती पर बसा लगभग 7,800 की आबादी वाला शाहनगर गाँव आज समग्र विकास का प्रतीक है. मात्र तीन वर्षों में इस पंचायत ने अपनी आमदनी को चार गुना बढ़ाते हुए आत्मनिर्भरता की राह पकड़ी है. सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से लेकर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और सामाजिक उत्थान तक- हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं. पंचायत भवन अब किसी कॉर्पोरेट ऑफिस जैसा व्यवस्थित है, जहाँ विभागवार काउंटर, कर्मचारियों का ड्रेस कोड और 22 निजी नियुक्तियाँ हैं, जिससे रोज़गार भी बढ़ा है. पहले वीरान रहने वाला परिसर अब दुधिया रोशनी और रंगीन फव्वारों से जगमगाता है. पंचायत ने प्लास्टिक और नशामुक्ति अभियान चलाकर अपराध पर अंकुश लगाया है. शिक्षा के क्षेत्र में जनपुस्तकालय की स्थापना, प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें और स्कूल छोड़ चुके बच्चों को पुन: पढ़ाई के लिए प्रेरित करना महत्वपूर्ण कदम रहे हैं. स्वच्छता में भी शाहनगर अग्रणी है. पारदर्शिता के लिए पंचायत चौपाल में सोशल ऑडिट की व्यवस्था है. किसी परिवार में शोक की स्थिति में 'सरपंच अंत्येष्टि सहायता राशि' के तहत तत्काल एक हजार रुपये दिए जाते हैं. तीन वर्ष पहले पंचायत की वार्षिक आय करीब 19 लाख रुपये थी, जो 2025 में बढ़कर 30 लाख रुपये हो गई. इस राशि से सड़क, बिजली, पानी और सौंदर्यीकरण की 10 बड़ी योजनाएँ पूरी की जा चुकी हैं, जबकि कई कार्य प्रगति पर हैं. सीईओ उमराव सिंह मरावी के अनुसार, शाहनगर पंचायत ने जिस तरह वित्तीय संसाधनों का सृजन और उपयोग किया है, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणास्रोत है. यहाँ का विकास केवल ढाँचागत नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उत्थान का संतुलित उदाहरण है. सरपंच मनोज जैन 'शीरु' कहते हैं- हमारा लक्ष्य है कि हर ग्रामीण को बुनियादी सुविधाओं के साथ गरिमामय जीवन मिले. यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, पूरे शाहनगर की टीम की मेहनत का नतीजा है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60